दिन–मंगलवार दिनांक– 22 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा – बिहार पर्यटन के मामले में देश का प्रमुख राज्य बन सकता है।

02. बिहार में बाढ के कारण हुए नुकसान का आकलन करने आयी सात सदस्यीय केंद्रीय टीम का दौरा आज पूरा।

03. विधानसभा की चार सीटों पर उप चुनाव को लेकर नामांकन में तेजी आयी। तरारी से भाजपा के विशाल प्रशांत ने नामांकन पर्चा दाखिल किया।

04. और, राज्य सरकार ने बीसीसीआई के साथ मिलकर पटना के मोईनुल हक स्टेडियम को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के रूप में विकसित करने का फैसला किया।

अब समाचार विस्तार से.........

———————————————————————

केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा है कि बिहार समेत देश के पर्यटन ` क्षेत्र में अपार संभावनाएं है और ये आर्थिक प्रगति की गाड़ी का इंजन बन सकता है। पटना के ज्ञान भवन में दो दिवसीय ट्रेवल और टूरिज्म फेयर का मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ उद्‍घाटन करते हुए श्री शेखावत ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र के विकास से रोजगार सीधे तौर पर जुड़ा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बिहार में विविधताएं हैं उसे देखते हुए यह देश की पर्यटन की राजधानी बन सकता है।

–––बाईट–––

उन्होंने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन मित्र और पर्यटन दीदी जैसे कार्यक्रम शुरू किये गये हैं।

–––बाईट–––

पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार पर्यटन को विकसित करने के लिए कई प्रकार की सहूलियत दे रही है। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से पर्यटन के नये केंद्रों को विकसित करने के लिए हाल में शुरु की गयी मेरा

प्रखंड, मेरा गौरव का भी उल्लेख किया। श्री मिश्रा ने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्य में कई तरह से प्रयास किये जा रहे हैं।

———बाईट———

दो दिवसीय इस मेले में सत्रह राज्यों के अलावा नेपाल और भूटान से एक सौ पचास से अधिक विभाग, टूर ऑपरेटर और पर्यटन समूह हिस्सा ले रहे हैं। उत्तर प्रदेश से आए पर्यटन विभाग के अधिकारी नवीन कुमार सिंह ने बताया कि उनका पवेलियन दो हजार पच्चीस प्रयागराज महाकुंभ को लेकर लोगों को जानकारी दे रहा है।

———बाईट———

————————————————————————————

बिहार में बाढ के कारण हुए नुकसान का आकलन करने आयी सात सदस्यीय केंद्रीय टीम का दौरा आज पूरा हो गया है। केंद्रीय दल के सदस्यों ने पहले बाढ़ से प्रभावित सीतामढ़ी जिले के बेलसंड प्रखंड का दौरा किया। टीम के सदस्यों ने यहां सड़क, पुल–पुलियों, घरों और फसलों को हुए नुकसान के बारे में जानकारी प्राप्त की। दिल्ली लौटने से पहले अधिकारियों के दल ने आज शाम बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ एक बैठक की। गौरतलब है कि केंद्रीय दल का नेतृत्व केंद्रीय गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव पार्थ सारथी कर रहे थे।

————————————————————————————

राज्य के चार विधानसभा क्षेत्रों तरारी, बेलागंज, इमामगंज और रामगढ़ में तेरह नवम्बर को होने वाले उपचुनाव को लेकर नामांकन पत्र दाखिल करने का कार्य तेज हो गया है। निर्वाचन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अब तक इन चारों सीटों पर नौ नामांकन पत्र दाखिल किये गये हैं। आज तरारी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी विशाल प्रशांत उर्फ सुशील पांडेय ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। विशाल प्रशांत पूर्व विधायक सुनील पांडेय के पुत्र हैं। हमारे कैमूर संवाददाता ने बताया है कि आज रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से बसपा उम्मीदवार सतीश कुमार सिंह यादव समेत दो प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इधर, हमारे गया संवाददाता ने बताया कि बेलागंज विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी तबरेज आलम ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

———————————————————————

असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने राज्य में हो रहे उप चुनाव में दो विधानसभा सीटों पर उम्मीदवार उतारने का फैसला किया है। एआईएमआईएम ने बेलागंज से मोहम्मद जामिन अली और ईमामगंज से कंचन पासवान को प्रत्याशी बनाया है। जानकारी के अनुसार तरारी विधानसभा क्षेत्र से भी पार्टी उम्मीदवार उतार सकती है। एआईएमआईएम के चुनाव मैदान में आ जाने से इन सीटों पर मुकाबला रोचक हो गया है।

———————————————————————

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि उनकी पार्टी अट्ठाईस नवम्बर को पटना के गांधी मैदान में चुनावी शंखनाद करेगी। श्री पासवान ने पटना में पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए यह घोषणा की।

———बाईट———

———————————————————————

जम्मू कश्मीर के गांदरबल में आतंकी हमले में मारे गये बिहार के तीनों श्रमिकों का शव आज पटना पहुंचा। प्रशासन ने शवों को मधेपुरा और वैशाली स्थित उनके पैतृक गांव तक पहुंचा दिया है। जहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। आतंकियों ने अंधाधुंध गोलीबारी कर मधेपुरा जिले के हनुमान नगर चकला गांव के मोहम्मद कलीम और रामपुर लाही के मोहम्मद हनीफ, जबकि वैशाली जिले के अकबरपुरा गांव के फहीम नसीर की हत्या कर दी थी।

———————————————————————

राज्य सरकार ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड, बीसीसीआई के साथ मिलकर पटना के मोईनुलहक स्टेडियम को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के रूप में विकसित करने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आज कैबिनेट की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। स्टेडियम को चालीस हजार दर्शकों की क्षमता वाला बनाया जाएगा। स्टेडियम में रेस्तरां के साथ–साथ बेहतर सुविधा वाले सत्तर रूम  भी बनाए जायेंग। एक अन्य फैसले में कैबिनेट ने तिरहुत मुख्य नहर की मरम्मत के लिए लगभग एक सौ बयासी करोड़ रूपये खर्च करने की भी मंजूरी दी।

————————————————————————

राज्य सरकर ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के चार वरिष्ठ अधिकारियों का तबादला कर दिया है। इस संबंध में जारी अधिसूचना के अनुसार वरिष्ठ आईएएस अधिकारी प्रत्यय अमृत को विकास आयुक्त बनाया गया है। वे स्वास्थ्य और आपदा प्रबंधन विभाग में एसीएस के अतिरिक्त प्रभार में भी बने रहेंगे। विकास आयुक्त चैतन्य प्रसाद को मुख्य जांच आयुक्त बनाया गया है। वहीं, मिहिर कुमार सिंह को पथ निर्माण विभाग का अपर मुख्य सचिव बनाया गया है, जबकि नर्मदेश्वर लाल को खान एवं भूतत्व विभाग में प्रबंध निदेशक बनाया गया है।

————————————————————————

कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि केंद्र और राज्य सरकार कृषि और किसानों के विकास के लिए हर संभव कार्य कर रही है। पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में श्री पांडेय ने उनतालीस किसानों और समूहों के बीच कृषि यंत्रों का वितरण किया। उन्होंने कहा कि किसानों की आमदनी बढ़े इसके लिए उन्हें सभी संसाधन रियायती दरों पर उपलब्ध कराया जा रहा है। श्री पांडेय ने कहा कि वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस में कृषि क्षेत्र में एक सौ छियासी करोड़ रुपये का अनुदान देने का लक्ष्य रखा गया है।

———बाईट———

————————————————————————

केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह की हिन्दू स्वाभिमान यात्रा आज किशनगंज पहुंची। श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश के इस भाग में घुसपैठ एक बड़ी समस्या है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठिये और रोहिंग्यों की बड़ी संख्या में मौजूदगी ने सीमांचल के स्वरूप को बिगाड़ कर रख दिया है।

————————————————————————

भाकपा माले ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार बेरोजगारी के मोर्चे पर युवाओं के साथ धोखा कर रही है। पार्टी के पोलित ब्यूरो सदस्य सह मिथिलांचल प्रभारी धीरेंद्र झा ने आज बदलो बिहार न्याय यात्रा के दौरान समस्तीपुर में कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी के कारण युवा और मजदूर अन्य प्रदेशों में पलायन के लिए विवश हैं।

———बाईट———

———————————————————————————

चक्रवाती तूफान दाना के ओडिशा और पश्चिम बंगाल के तटीय इलाकों से टकराने की आंशका के मद्देनजर रेलवे ने बारह ट्रेनों का परिचालन रद्द कर दिया है। पूर्व मध्य रेल ने एक विज्ञप्ति जारी कर सूचित किया है कि यात्रियों की सुरक्षा और रेलवे की संपत्ति की संरक्षा के लिए पटना–पुरी स्पेशल, पुरी–जयनगर एक्सप्रेस, बैंगलूरू–मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस समेत बारह रेलगाड़ियां कल से पच्चीस अक्टूबर तक रद्द रहेंगी।

———————————————————————————

मौसम विभाग ने कहा है कि चक्रवाती तूफान दाना के प्रभाव से अगले दो दिनों के दौरान राज्य के पूर्वी हिस्सों में बारिश हो सकती है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि राज्य के शेष हिस्सों में मौसम शुष्क रहेगा।

———बाईट———

———————————————————————————

सीमा शुल्क विभाग ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार को बढावा देने के उद्देश्य से आज पटना में आथोराईज्ड इकोनोमिक ऑपरेटर का संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें छोटे व्यवसायियों के अलावा बिहार चैंबर ऑफ कामर्स और बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के सदस्यों ने भी भाग लिया। इस संबंध में सीमा शुल्क विभाग के अंतरराष्ट्रीय व्यापार मामलों के प्रधान आयुक्त नवीन कुमार जैन ने कहा कि एईओ व्यवस्था से आयात–निर्यात को बढ़ाने में काफी मदद मिल सकती है।

———बाईट———

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा – बिहार पर्यटन के मामले में देश का प्रमुख राज्य बन सकता है।

02. बिहार में बाढ के कारण हुए नुकसान का आकलन करने आयी सात सदस्यीय केंद्रीय टीम का दौरा आज पूरा।

03. विधानसभा की चार सीटों पर उप चुनाव को लेकर नामांकन में तेजी आयी। तरारी से भाजपा के विशाल प्रशांत ने नामांकन पर्चा दाखिल किया।

04. और, राज्य सरकार ने बीसीसीआई के साथ मिलकर पटना के मोईनुल हक स्टेडियम को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के रूप में विकसित करने का फैसला किया।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।